कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–7/हिन्दी/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्री रामावतार मित्तल, व्याख्याता (हिन्दी) राउमावि, सवाई माधोपुर का स्थानान्तरण राउमावि, जगपुरा, बांसवाडा किया गया। श्री रामावतार मित्तल ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या–4050/2019 श्री रामावतार मित्तल बनाम सरकार एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या–4050/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक–28.11.19 द्वारा अपीलार्थी श्री रामावतार मित्तल को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री रामावतार मित्तल द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं की पुत्री को लीवर में हर्निया की बीमारी से पीड़ित होने, पत्नी थॉयराइड की बीमारी से पीड़ित होने तथा 4 वर्षों से बोर्ड परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहने के कारण अपना पदस्थापन 1–जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, सवाई माधोपुर, 2–राउमावि, कुश्तला–चौथ का बरबाड़ा, सवाई माधोपुर में करने हेतु परिवेदना प्रस्तुत की गई है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि, कुश्तला–चौथ का बरबाड़ा, सवाई माधोपुर में व्याख्याता (हिन्दी) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

24/12

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्था.को.के./रामावतार मित्तल/4050/2019 दिनांक– 24/12

- प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
  1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
  2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
  3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
  4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, सवाई माधोपुर
  5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
  6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
  7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
  8. संबंधित प्रधानाचार्य राउमावि, राउमावि, सवाई माधोपुर/जगपुरा, बांसवाडा/कुश्तला–चौथ का बरबाड़ा, सवाई माधोपुर
  9. संबंधित कार्मिक
  10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर